कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 10/09/2024

विषय:- चोरी की घटना से सम्बन्धित एक अभियुक्ता थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार, चोरी का सामान व 5015 रुपये बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर व चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन में, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा दिनांक-06.09.2024 को तीज वाले दिन जागेश्वर मठ मन्दिर में दर्शन पूजन करने के दौरान महिला दर्शनार्थी का मंगलसूत्र चोरी हो गया था जिसके संबंध में थाना कोतवाली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 96/2024 धारा- 303(2) बीएनएस से संबंधित मंगलसूत्र जो चोरी हो गया था के अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली द्वारा टीम का गठन किया गया था। गठित टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरों व अन्य माध्यम से चोरी करने वाले महिला शातिर चोर की पहचान कर मुखबिर की सूचना पर दिनांक 10.09.2024 को मैदागिन डाकघर के पास से एक अभियुका को गिरफ्तार किया गया तथा चोरी किये गये मंगलसूत्र के बिक्री का 5015/- रुपये व हिस्से में मिले एक अदद सफेद धातु की चैन एक अदद पीली धातु की नाक की रिंग एक जोड़ी पीली धातु की बाली व एक अदद सफेद धातु की आलपीन बरामद करने में सफलता प्राप्त किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2), 317(5) बीएनएस की बढोत्तरी किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्ता के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरणः- अभियुक्ता द्वारा मंगलसूत्र की चोरी करके बेच कर लाभ कमाने के संबंध में।

विवरण पूछताछः- पूछताछ पर गिरफ्तारशुदा अभियुक्ता द्वारा बताया गया कि मेरा मायका हिरामनपुर में है वही की एक महिला है जो चोरी का काम करती है मुझे तीज वाले दिन वो अपने साथ लेकर जागेश्वर मंदिर आयी व मुझसे बोली तुम मेरे साथ रहो वहां बहुत भीड़ थी तीज की वजह से तो रेखा हमसे बोली कि आओ यही पर अब हमलोग चोरी करते है तो मैं उसके साथ थी और उसने वहां पर दो मंगल सूत्र चुराये थे मुझे मेरा हिस्सा आठ हजार रुपए दिया था कुछ पैसे खर्च हो गये थे जो बचे थे वही मेरे पर्स में थे जिसे आप लोगो ने पकड़ा है, व बरामद गहने के बारें में पूछने पर बता रही है कि सर ये मुझे उस महिला ने दिया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. एक अभियुक्ता।

आपराधिक इतिहास अभि0-

क्र0सं0	मु0अ0सं0	धारा	थाना	जनपद
1.	0256/2023	392/411 IPC	कोतवाली	बलिया
2.	0096/2024	303(2)/ 317(2)/ 317(5) BNS	कोतवाली	कमि0 वाराणसी

बरामदगी का विवरण-

1. मंगलसूत्र बिक्री का 5015/- रुपये व
2. एक अदद सफेद धातु की चैन, एक अदद पीली धातु की नाक की रिंग, एक जोड़ी पीली धातु की बाली व एक अदद सफेद धातु की आलपीन।

गिरफ्तारी/बरामदगी का स्थान व समयः- दिनांक- 09.09.2024 स्थानः- मैदागिन पोस्ट आफिस के पास थाना कोतवाली काशी जोन कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 श्री पवन पाण्डेय चौकी प्रभारी कबीर चौरा, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
2. हे0का0 कुलदीप सिंह, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
3. का0 शिवम भारती,थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
4. म0का0 रुबी सिंह, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।